सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-545
05/12/2018

## हम चाहते हैं कि पूरे बिहार में सौर ऊर्जा का उपयोग हो :– मुख्यमंत्री

पटना, 05 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर प्रखंड अंतर्गत वनकटवा पंचायत के चम्पापुर गाँव का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री विद्युत संबंध निश्चय योजना के तहत ऑफ ग्रिड (सौर ऊर्जा) के माध्यम से पहुंचायी गयी हर घर बिजली योजना का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया।

मुख्यमंत्री विद्युत संबंध निश्चय योजनान्तर्गत हर घर बिजली योजना के माध्यम से स्थापित 20 किलोवाट क्षमता वाले मिनी ग्रिड प्लांट का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। 20 किलोवाट के इस मिनी ग्रिड प्लांट से 121 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। इसके बाद चम्पापुर गाँव का भ्रमण कर हर घर बिजली योजना का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। चम्पापुर गाँव मे हर घर बिजली योजना का निरीक्षण करने के क्रम में श्रीमती एतवरिया देवी, श्री गोरख उरांव, श्रीमती चंडी उरांव, श्री पारसनाथ उरांव जैसे कई अन्य ग्रामवासियों के घर जाकर मुख्यमंत्री ने बिजली की स्थिति जानी और उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। गाँव भ्रमण के क्रम में चम्पापुर के लोगों ने रंगोली बनाकर एवं महिलाओं ने पारम्परिक गीत गाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

चम्पापुर गांव का भ्रमण करने के बाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय चम्पापुर (दोन) प्रांगण में लगे कृषि यंत्र स्टॉल का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान खेतों की सिंचाई हेतु स्थानीय किसानों के बीच कृषि फीडर का कनेक्शन वितरित कर कृषि के लिए अलग फीडर योजना की भी मुख्यमंत्री ने लांचिंग की। स्टॉल निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम परिवहन योजना और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाभुकों को चेक वितरित किये। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण पूरा कर चुके चार बच्चों को सर्टिफिकेट और प्रशिक्षण के बाद दो लोगों को लर्नर फेसिलिटेटर के पद पर हुई नियुक्ति का नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री ने प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS) पश्चिम चंपारण बेतिया द्वारा संचालित समेकित बाल विकास सेवायें से संबंधित स्टॉल का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के बीच पोशाक राशि वितरित की। कृषि यंत्र से संबंधित लगे स्टॉल का मुआयना करने के क्रम में स्वायल हेल्थ कार्ड योजना, फर्टिलाइजर एवं अनुदानित दर पर मिलने वाले कृषि यंत्रों के संबंध में उन्होंने पूरी जानकारी ली। जिला स्वास्थ्य समिति पश्चिमी चंपारण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लगे स्टॉल का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय, कदमावा में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई।

इसके पश्चात रघिया ग्राम जाकर मुख्यमंत्री विद्युत संबंध निश्चय योजना (सौभाग्य) अंतर्गत 10 किलोवाट की क्षमता वाले सोलर पावर प्लांट (ऑफ ग्रिड) का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। ग्रिड अवलोकन के बाद रघिया ग्राम निवासी श्री भूपनारायण महतो के घर जाकर मुख्यमंत्री ने हर घर बिजली योजना का निरीक्षण किया।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना के तहत पूरे बिहार के हर इच्छुक परिवार तक इस साल के 31 दिसम्बर तक हमलोगों ने बिजली का

कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जो निर्धारित समय सीमा से दो माह पहले ही 25 अक्टूबर को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी, जंगली और कुछ अन्य इलाकों में ऑफ ग्रिड के माध्यम से लोगों के घरों में बिजली पहुंचाई गई है। पहाड़ी इलाकों का निरीक्षण करने के बाद आज हम यहां पहुँचे हैं। यहाँ सोलर पावर प्लांट लगाने की जिम्मेवारी जिन्हें दी गयी थी, वे ही अगले पांच सालों तक इसका मेंटेनेंस करेंगे, इसके साथ ही होने वाली समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एल0ई0डी0 बल्ब का जो उत्पादन हो रहा है, उस संबंध में शिकायतें भी आईं है कि वह जल्द ही फ्यूज हो जा रहा है लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर का विषय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ निरीक्षण और गाँव का भ्रमण करने के बाद हमने दो सुझाव दिये हैं। पहला यह कि लोगों के घरों तक सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जा रही है, ऐसे में जब सूर्य नहीं निकलता है तो आपूर्ति नियमित रूप से हो सके, इसके लिए सौर ऊर्जा के जेनरेशन को बैट्री में प्रिजर्व करने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा जो बिजली के खंभे लगे हैं, उस पर स्ट्रीट लाइट लगे ताकि गाँव के आस–पास और गलियों में भी प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य तबकों के जो भी आवासीय विद्यालय हैं, वहां सोलर पावर प्लांट लगाने का हमने सुझाव दिया है ताकि लोगों में सौर ऊर्जा जो अक्षय ऊर्जा है, उसके प्रति जागरूकता आये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रिड के माध्यम से जो बिजली पहुंचाई जा रही है, उसकी एक निश्चित समय–सीमा है क्योंकि कोयले का भंडार दुनिया भर में सीमित है। हम चाहते हैं कि पूरे बिहार में सौर ऊर्जा का उपयोग हो। उन्होंने कहा कि जब तक सूर्य है, तब तक कोई दिक्कत नहीं आने वाली और पृथ्वी तो सूर्य पर ही निर्भर है। इसके लिए एक अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में सिंचाई के लिए अलग एग्रीकल्चर फीडर लगाने का काम जारी है और आज यहाँ 5 किसानों को ऑफ ग्रिड के माध्यम से सिंचाई हेतु बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराकर इसकी शुरुआत कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिहार के हर इच्छुक परिवार को बिजली का कनेक्शन लक्ष्य के अनुरूप उपलब्ध कराया गया ठीक उसी प्रकार 31 दिसम्बर 2019 तक हर इच्छुक किसान को सिंचाई हेतु बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराने के साथ ही पुराने जर्जर बिजली के तारों को बदलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जगह–जगह जाकर देखने से भरोसा जगता है और लोगों की समस्याओं से अवगत होने का मौका भी मिलता है। उसी के अनुरूप नयी योजनाओं का निर्धारण होता है। अभी की जरूरत को देखते हुए यहाँ सोलर प्लेट लगे हुये हैं आगे और अधिक जरूरत पड़ने पर सोलर प्लेट लगाए जाएंगे।

भतुजला गाँव की पेयजल समस्या से संबंधित एक पत्रकार के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम रेल मंत्री थे, उस समय से ही हम इससे अवगत हैं और यह चिंता का विषय है लेकिन इसका सीधा संबंध वन एवं पर्यावरण से है, जिसके अपने नियम–कानून हैं। हम इसके निराकरण के लिए प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण में हमारी काफी रुचि है। वन और वन्य जीवों की हर हाल में रक्षा होनी चाहिए। इस दृष्टिकोण से भी हम यहाँ आते रहते हैं। पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई यात्रा नहीं स्पॉट विजिट है। अलग–अलग जिलों में जो खास चीजें हैं, उसे देखने जाएंगे और जितना संभव होगा आकलन करके उसके अनुरूप चीजें आगे बढ़ाई जाएंगी। ग्रामीणों की मॉग पर मुख्यमंत्री ने उस क्षेत्र में कम्यूनिकेशन टावर के निर्माण का भी निर्देश दिया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, सांसद श्री सतीश चंद्र दुबे, विधायक श्रीमती भागीरथी देवी, विधायक श्री रिंकू सिंह, विधान पार्षद श्री सतीश कुमार, मुख्य

सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल श्री नर्मदेश्वर लाल, पुलिस महानिरीक्षक तिरहुत प्रक्षेत्र श्री सुनील कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री एल0एम0 प्रसाद, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बेतिया के जिलाधिकारी श्री नीलेश आर0 देवड़े, बेतिया के पुलिस अधीक्षक श्री जयंत कांत, बगहा के पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, ऊर्जा विभाग के वरीय अभियंता एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय व्यक्ति उपस्थित थे।

******